जहां तक बंगला देश से आये हुए लोगों का मसला है उनके रिहैबिलिटेशन की समस्या है मैं समझता हूं यह एक परमानेंट समस्या बन गई है। समय नहीं है अन्यथा मैं कुछ सुझाव रखना चाहता था। फिर भी मैं कहूंगा कि हमें इसको डायनेमिक तरीके से हल करना चाहिए। इसी तरह से बेकारी की समस्या है। यह तमाम समस्यायें बुनियादी हैं जिनके ऊपर मैं समझता हूं लेबर डिपार्टमेंट और दूसरे डिपार्टमेंट का ध्यान जाना चाहिए। लेबर डिपार्टमेंट की लीडरशिप में यदि हम इन मामलों को हल नहीं करते हैं तो मैं यह समझता हूं हम समाजवाद की तरफ आगे बढ़ नहीं सकेंगे। लेबर डिपार्टमेंट को इस लिए काफी महत्व दिया जाना चाहिए। जो सामाजिक सवाल हैं उनमें लेबर डिपार्टमेंट की जो लीड है, जो रहनुमाई है उसको पूरा मौका मिलना चाहिए। आज जो पब्लिक सेक्टर है वह भी उसकी रहनुमाई में न चल कर बिलकुल इण्डिपेंडेंट चलता है। गवर्नमेंट डिपार्टमेंट लेबर के मुहकमे की और लेबर पालिसीज की परवाह नहीं करते हैं। इसके बारे में गवर्नमेंट को सोचना चाहिए और कोई मत निकालना चाहिए वरना हम समाजवाद की तरफ आगे बढ़ नहीं सकेंगे।

SHRI D. D. DESAI (Kaira) : Firstly, I would request the Labour and Rehabilitation Minister to examine whether the problem of labour could be reduced if not eliminated. The problem has been increasing on account of dislocation of people and relocation of people into a centralised structure where capital-intensive equipment is purchased, wherein the labour or the employment potential is less than in areas from which the capital or the moneys are or have been withdrawn. In other words, if the moneys were kept in the countryside and were used in the hands of the person who generated the money or were permitted to be used for enhancing the means creating production by the persons who generated those moneys, then it would have been possible to increase the employment of people in the countryside and in that case, the problem of housing and labour which we are facing today may not have been of this proportion.

On the other hand, we have been seeing that unemployment has been increasing along with our increased investment in centralised expenditure in capital-intensive industries.

We have also observed here that certain requests have been made for increased payment for labour.

It is well known that so long as any payment is not matched by corresponding component in GNP, that demand is a drag on the economy and such purchasing power in the market place is bound to reflect in inflation which is again likely to result in a chain reaction of high cost, and higher wages. Therefore, our concentration should be in the direction of increasing GNP.

I am not one who would advocate intensive working or whole-time working or long hours of working. In fact, employment is not sacrosanct. It is not necessary for a man to get "employed" if he can have his livelihood and devote time in a better manner in this world of modern technology. Therefore, the working hours and working days should get reduced with "better" employment or better use of modern technology. Therefore, the question of finding conventional jobs is one of relatively less importonce if it is viewed in the proper perspective.

Then, there is the question of employment for productivity. Some Members have talked about Japan. But we must realise that a Japanese worker has been patriotism-oriented, discipline-oriented, and production-oriented ; he has been hard-working; and

[Shri D. D. Desai]

we have seen that by 1980 Japan is expected to have the same *per capita* income as the USA *per capita*, and it is also known that by 1990, Japan would have exceeded the GNP of the USA. This is the rate something or which we have not been able to achieve in spite of nearly 24 years of Independence, and in this direction we should work a little better.

The moment someone talks about the Labour Ministry, I feel a little concerned, because actually it should have been called the Personnel and Rehabilitation Ministry. Otherwise this might mean almost somewhat discriminatory role of the Ministry. To this extent, the Ministry may examine whether in the wider context of human relations and other angles that exist today the present name does any credit either to labour or to the other discriminated sectors of the public.

Then, the question is one of treating the disease or treating the causes which result in disease. If we find that it is possible that we can eliminate the disease itself, then there is no need to go in for legislation and other measures which have the impact of forcing certain sections to make certain payments without adequate and corresponding consideration as to the outputs of the persons concerned. This observation may be viewed in the largest context of the national economy.

The next question would be to consider whether we have in India any basis for payment which is commensurate with the living standards of people. It is said that it is difficult to kili an Indian, becanse so long as he has one *roti* and *do langoti*, he can continue to exist. This sort of living is not one which we should advocate for ourselves. After all, 99.8 per cent of the Indians have a uniform standard of living, and only 0.2 per cent of the people may be surtax-paying people, and, therefore, the disparity of income exists only between 0.2 per cent and 99.8 per cent. In other words, we have solved the problem of disparities among 99.8 per cent of Indians. This is also a question where we should consider whether this 0.2 per cent which means about 11 lakhs of people or less who really contribute to the income tax should be eliminated or should be forced to work by incentives in areas where leadership and a certain amount of direction are required, and whether there should be a common incentive among the 99.8 per cent to contribute and migrate to the 0.2 per cent, or whether we should make all the 100% people feel that there is no further scope for anyone to go beyond the level of the 99.8 per cent people who live with an average *per capita* income of somewhere around Rs. 350 at the constant price.

श्री राम नारायण शर्मा (धनबाद) : सभापति महोदय, श्रम ग्रौर पुनर्वास के सम्बन्ध में जो मांग है उस का मैं समर्थन करता हूं ग्रौर यह खेद प्रकट करता हूँ कि सरकार ने इस का रैंक घटा कर राज्य स्तर का कर दिया जो कि पहले बराबर कैबिनेट स्तर का मंत्रि-मंडल में इस का स्थान रहा करता था, ग्रौर ऐसे वक्त में किया जब कि श्रम के ऊपर विशेष ध्यान देने की ग्रावश्यकता हुई, ग्रौर ऐसे वक्त में इस का स्तर घटा कर के राज्य मंत्री के स्तर में ग्रौर डिप्टी मिनिस्टर के स्तर में लाया गया।

सभापति जी, सदन में बहुत बार हमारे विरोधी पक्ष के मेम्बरों ने यह मांग की है कि सारे मसलों का हल मजदूरों के बीच ग्रौर प्लेबिसाइट के द्वारा या सीक्रेट बैलट के द्वारा हो। इंडियन लेबर कानफरेंस में जिसमें कि ए० ग्राई० टी० यू० सी०, हिन्द मजदूर सभा और यू० टी० यू० सी०, ग्राई० एन० टी० यू० सी० के साथ ही शामिल थे उसमें जो प्रोसीज्योर तय हुग्रा उसी प्रोसीज्योर से हम 1958 से चलते रहे हैं ग्रौर 1958 से ग्राज तक उसी प्रोसीजर के ग्रनुसार चल कर या उसके पहले भी जो भारत सरकार ने प्रोसीजर रखा उस से चल कर भारत का प्रतिनिधित्व जितने ग्रन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन होते रहे हैं उसमें इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस करता रहा है क्यों कि सदस्यता की जांच के आधार पर यह सब से बड़ी मजदूरों की जमात साबित हुई है ग्रौर ग्राज भी जो 1968 में जांच हुई इस का वेरिफिकेशन हुग्रा वह 1968 की जांच के ग्राधार पर यह

सब से बड़ी जमात है। मैं सदन की जानकारी के लिये यह बतलाना चाहता हूं कि आई० एम० टी० यू० सी० की वेरीफाइड फिगर 1968 के दिसम्बर के आधार पर 13 लाख 26 हजार 152 है। ए० आई० टी० यू० सी० की 6 लाख 34 हजार 802, जो ए० आई० टी० यू० सी० और सी० 2, दो भागों में बंट गयी। हिन्द मजदूर सभा की 4 लाख 63 हजार 772 है, वह भी हिन्द मजदूर सभा और हिन्द मजदूर पंचायत, दो भागों में बंट गयी, और यूनाइटेड ट्रेड यूनियन कांग्रेस की संख्या 1 लाख 25 हजार 754 है। इस तरह से आप पायेंगे कि ये सारी जमातें जो आज कहती हैं कि हम पांच हैं, इन पांचों की संख्या मिला कर 12, 24, 324 है। और आई० एन० टी० सी० की अकेली संख्या 13 लाख 26 हजार 152 है। जहां ये पांचों मिलकर 12,24 328 है। उसमें ये बराबर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। बल्कि इस बार न मालूम क्यों श्रम मंत्रालय का यह ऐलान हुआ कि ए० आई० टी० यू० सी० और एच० एम० एस० को भी इंटरनेशनल लेबर आर्गनाइजेशन में ऐडवाइजर के रूप में बैठा दिया। मुझे इसके ऊपर सख्त ऐतराज है क्योंकि यहां प्रतिनिधित्व करने की बात है। अगर उस तरह की प्रतिनिधित्व करने की बात न हो तो आज कुछ संख्या में वे लोग इस सदन में हैं कैबिनेट में आप उनको स्थान दे सकते हैं। तो सभापति जी, मैं यह बतलाना चाहता हूं...(व्यवधान)। बनर्जी साहब और दूसरे भाई तो सीक्रेट बैलेट की बात करते हैं। मैं सीक्रेट बैलेट का परिणाम इनको बतलाना चाहता हूं। हम लोगों ने बिहार में 1958 की जगह पर 1952 से सीक्रेट बैलेट दिया है बिहार की वेरिफाइड फिगर में आपको बतलाता हूं कि सीक्रेट बैलेट जहां तक पोजिशन है वहां आई० एन० टी० यू० सी० की सदस्य संख्या 1,08,472 है, ए० आइ० टी० यू० सी० की सदस्य संख्या 27,345 है, हिन्द मजदूर सभा की सदस्य संख्या 30,599 है और यूनाईटेड ट्रेड यूनियन कांग्रेस की सदस्य संख्या 7,319 है। इन तीनों की सम्मिलित सदस्य संख्या 65,363 है जहां पर कि अकेले आइ० एन० टी० यू० सी० की सदस्य संख्या 1,08,472 है। तो सभापति जी, जब तक ये स्लोगन, ये नारे इनको जंचते हैं ये नारे ये दिया करते हैं। मुझे सख्त ऐतराज है, हमारे संगठन को भी ऐतराज है कि भारत सरकार ने जो आज 25 वर्ष से फैसला किया था 25 वर्ष से जो रास्ता अख्तियार किया था और इन लोगों को कभी प्रतिनिधित्व नहीं मिला, वह प्रतिनिधि इन में आज बैठा दिये, इनको अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी बैठा दिया और अब आहिस्ता आहिस्ता ये आगे आते जा रहे हैं।...(व्यवधान).

16.00 hrs.

सभापति जी, इंप्लीमेंटेशन इवेल्युवेशन कमेटी है, उस पर भी ये लोग बैठते हैं, देश की जितनी कमेटीज हैं वहां बैठते हैं, जहां प्रपोर्शनेट रिप्रजेन्टेशन की बात आती है वहां इसी आधार पर इनको प्रतिनिधित्व मिला करता है। तो यह जो मूल्यांकन समिति है, उसकी बैठक पहले तीन महीने में हुआ करती थी और उसमें हम लोग विचार विमर्श करके मालिक-मजदूरों की बहुत सी समस्याओं का समाधान किया करते थे जिससे कि अनुशासनहीनता बहुत कम हुआ करती थी, आज वह मित-प्राय पड़ी हुई है। उसका कारण यही हुआ कि 1967 में जब विरोधी दलों की सरकारें आईं तो उन लोगों ने सारी अनुशासनहीनता को अनुशासन बना दिया। इनके लिए कोड आफ कंडक्ट रहा ही नहीं। इनके यहां घेराव चलने लगे, इनके यहां सारी कार्यवाही विपरीत दिशा में बहने लगी और ऐसी हालत में इनका यह रवैया है। सरकार, वेज बोर्ड मशीनरी की मार्फत मजदूरों को राहत दिया करती है। अब जब कि सरकार वेज बोर्ड के अवार्ड को इंप्लीमेंट नहीं करा पाती तो सरकार को चाहिए कि उसके लिए कानून बना करके उसके लिए उसी तरह का

[श्री रामनारायण शर्मा]

कानूनी रूप दे जिस तरह के ट्रीब्यूनल के फैसलों के कानूनी रूप हुआ करते हैं। यह फैसला 1967 में हुआ, सभापति महोदय। लेकिन उसके ऊपर आज तक कार्यवाही नहीं हुई। ये जब तक कानूनी रूप उसको नहीं देंगे तब तक कोई भी प्राइवेट सेक्टर का मालिक उन कानूनों को अमली रूप देने के लिए तैयार नहीं होगा। मैं बतलाता हूं उदाहरण के लिए कि कोयला उद्योग में 792 कोयलिरियां हैं, ये कोयलिरियां यह अवार्ड लागू नहीं करतीं। आज उसमें कम से कम प्रतिदिन का मंहगाई भत्ता 1 रुपये 86 पैसा होना चाहिए, वह 1 रुपया 86 पैसा पब्लिक सेक्टर की एन० सी० डी० सी० या टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी और इंडियन आयरन एण्ड स्टील कंपनी—ये तीन कंपनियां देती हैं और कोई नहीं देता। यह अवार्ड कोई लागू नहीं करता है। ये अवार्ड भी लागू नहीं करा पातीं। फिर आन्दोलन कराने की बात आती है—अभी भाइयों ने खुद अपने भाषण में जाहिर किया कि दो लाख मैनडेज लास्ट क्यों हुए —तो क्या होगा ? जब ये लोग कहते है कि दंगलों के द्वारा फैसला हो, मालिक और मजदूर लड़ कर के फैसला करें, जब अनुशासन की कोई बात नहीं, इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट की कोई बात नहीं, बीच बचाव करने की कोई बात नहीं, जब दंगलों से फैसला होगा, वैसी हालत में मैनडेज का लास होगा ही।

जहां तक वेजबोर्ड की सिफारिश को जो बहुमत की सिफारिश है, उसको लागू करने की बात है तो सरकार ने आज तक बहुत सी सिफारिशों को कबूल नहीं किया। ग्रेट्युटी के लिए सरकार ने कितनी बार वायदे किये। इंडस्ट्रियल कमेटी में बैठकर वायदे किये, आल इंडिया रेडियो से अनाउंस हुआ कि लागू होने जा रही है, लेकिन वह आज तक लागू नहीं हुई।

बोनस के सम्बन्ध में जो क्वालिफाइंग अटेंडेंस की शर्त है, उसको हटाने के लिए वायदे किये, लेकिन वह भी वायदे आज तक पूरे नहीं हुए। लीव के सम्बन्ध में, कजुअल लीव के सम्बन्ध में पांच दिन मिले, वेज बोर्ड ने दिये, वह भी आज तक ऐसेप्ट नहीं हुए। हाउस रेंट देने की बात आई, वह भी ऐसेप्ट नहीं हुआ। तो सभापति जी, जहां तक बोनस की शर्त है कि तिमाही बोनस कोयला उद्योग में मिला करता है, वह हाजिरी पर हुआ करता है उस पर से दूसरी शर्त उठाने की बात तो दूर रही, आज एक नई शर्त लगा दी गई कि तीन सौ रुपये वाले का कंसौलिडेटेड सैलरी करके जो एक तिहाई बोनस हुआ करता था, उसका दस परसेंट किया गया। सारे कंडीशन जैसे के तैस रखे गए। इसके बावजूद 300 का एक तिहाई वह सौ रुपया पाता था था, अगर 730 रुपया होने पर भी दश परसेंट वह पायेगा तो 73 रुपया पायेगा, तो वेज बोर्ड ने उसका 73 किया। सरकार ने मैनेजरियल और ऐडमिनिस्ट्रेटिव के लिए उसको समाप्त कर दिया। कहा गया कि 500 से अधिक वाले को, सुपरवाइजर को भी नहीं मिलेगा। यह नया फतुवा उस तारीख को हुआ है जिस रोज हमारे राष्ट्रपति जी ने यहां पर घोषणा की थी कि मजदूरों के लिए हम बहुत अच्छा सलूक देने जा रहे हैं, उनको पार्टिसिपेशन, उनको हिस्सेदार कबूल करने जा रहे हैं। तो ऐसी हालत में सरकार को वापस लेना चाहिए कि यह सब जो त्रिदलीय समितियों के द्वारा फैसले हुआ करते थे, यह युनीलेटरल फैसला क्यों हुआ ? त्रिदलीय समितियों के फैसले को बदल दिया गया और एक नोटिफिकेशन निकाल दिया।

सभापति महोदय : आपका टाइम हो गया, बहुत ज्यादा टाइम ले लिया आपने। आप 5 मिनट बोल चुके हैं।

श्री रामनारायण शर्मा : सभापति जी, पहले नोटिफिकेशन निकला जी० एस० आर०

191, 22 जनवरी, 1668 का उसके लिए दूसरा नोटिफिकेशन जी० एस० आर० 465 दिनांक 23-3-71 को सरकार ने निकाला।

श्री हुकम चन्द कछवाय : नो कोरम सर। इतना सुन्दर भाषण हो रहा है, कोई सुनने वाला नहीं है यहां पर।

सभापति महोदय : घंटी बजाई जा रही है—अब गणपूर्ति हो गई है, माननीय सदस्य अपना भाषण जारी रक्खें।

श्री राम नारायण शर्मा : मैं यह कह रहा था कि जिस रोज राष्ट्रपति जी ने हम लोगों को ज्वायेंट सेशन में ऐड्रेश किया, ठीक उसी तारीख को मजदूरों की यह सुविधा काट ली गई। इसलिये मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि जो 23 मार्च, 1971 का जी० एस० आर०। 485 है उस नोटिफिकेशन को कैंसेल कर के इसको पुरानी स्थिति पर ही ला दे और बोनस के साथ अटेंडेंस की क्वालिफिकेशन को हटाने की जो सिफारिश वेज वोर्ड ने की हैं उस को लाये।

जहां तक फैमिली पेंशन का सवाल है नेशनल कमिशन फार लेबर ने रिकमेन्ड किया था कि प्राविडेंड फंड की रकम जहां सवा 6 परसेंट है वहां 8 परसेंट की जाय और जहां 8 परसेंट है वहां 10 परसेंट की जाये। अगर प्राविडेंट फंड में या 2 या पौने 2 परसेंट लग गया होता और इस अमाउंट को डाइवर्ट कर के लोगों को दिया गया होता तो उन को राहत मिलती और वह फायदा उठाते। उस समय लोगों को जो आशा बंधी थी आज वह निराशा में बदल रही है। सरकार को इस चीज की जांच करनी चाहिये—उसके वादे का जो फैसला था उस को लागू कर के पूरा करना चाहिये।

SHRI SAMAR GUHA (Contai) : If the discussion today was concentrated only on the demands for the Bangla Desh refugees, then perhaps we would have been able to draw attention, national and international, to the seriousness of the problem. But unfortunately for the admixture of so many Ministries together, we have diluted the seriousness of the problem. I want to draw the attention of the House to the fact that this Government has based its whole strategy of political and diplomatic offensive against Pakistan on the seriousness of the issue of Banga Desh refugees. But for the Bangla Desh refugees in India, it would have gone as an internal problem of Pakistan; now due to the influx of Bangla Desh refugees it has been converted not only into an internal problem of India but a problem for the world as well. But for the Bangla Desh refugees would our Government say that the refugee problem should have to be internationalised ? It is before us now. But for the Bangla Desh refugees would the Government say all over the world that until and unless a political solution to the satisfaction of all the people of Bangla Desh is achieved, there is no question of refugees going back to Bangla Desh to be butchered by Yahya regime ? But for the Bangla Desh refugees would our Defence Minister and our Foreign Minister say that unless the problem of Bangla Desh refugees is satisfactorily solved. India might have to take action unilaterally ? To that extent it has gone.

It is necessary for manouring strategic, political and diplomatic offensive against Pak-aggression. There the Government is saying and trying to draw the attention of the world very seriously. But unfortunately that much importance is not being given by the Ministry and the Government.

Had it been so soon after it became a burden upon us, a separate Ministry of refugees and rehabilitation would have been set up immediately. That would have helped to highlight the whole issue. The refugee department today is not only to deal with the humanitarian problem of the refugees and rehabilitation ; it has become a very important political department.

A separate Ministry for refugees and rehabilitation should be instituted, because it will draw the attention of the national... (*Interruption*). I am coming to all aspects. I do not know what has happened. Yesterday, the Prime Minister made an *impromptu* statement suddenly snggesting that one Mr. Siddhartha Shankar Ray will be in-charge of the re-

[Shri Samar Guha]

fugees and other affairs. I do not know what it is. She has almost indicated that he will be entrused with some omnibus responsibility. But she should have specifically mentioned that Shri Siddhartha Shanker Ray would be in change of the refugees and a separate Ministry for refugee rehabilitation and relief should have been instituted. I say this because already on the issue of Begla Desh refugees you have developed you strategy of political and diplomatic offensive against Pakistan. But, unfortunately, you have not taken it so seriously to highlight the issue by having a separate Ministry for that.

Secondly, I have noticed that there is a tendency on the part of this Government to under-estimate the magnitude of the problem of Bangla Desh refugees. They have given the figure. The figure up to 18th June is 60,24,000. Taking into consideration that so many unregistered refugees are there—

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHAI R.K. KHADILKAR) ; Your figure is not the latest one.

SHRI SAMAR GUHA : But this time, it may be more than seven million.

SHRI R. K. KHADILKAR : 63.2 lakhs.

SHRI SAMAR GUHA : Then all the paper reports are wrong ? Otherwise, for the last 12 days, I have calculated that at least 10 lakh refugees have come. See the *Statesman*. In the report of the *Statesman*, three or four days before, it was said that in Nadia district and West. Dinajpore district alone, 1,23,000 have come within two or three days. So, either the press reports are absolutely wrong or the Government have a tendency to always under-estimate the figure. They do not understand, I should say, the importance of it. The figures are very important in your political game, nationally and internationally. You should not have given wrong figures. (*Interruption*). I understand that something is lacking in the head of the Government. You should not have given wrong figures. For all this, the political reason is also there. (*Interruption*). They always under-estimate the figure.

SHRI R. S. PANDEY (Rajnandgaon) : The Government are very serious about it. The minister gave you the precise figure ; 63 lakhs. You were saying it was 60 lakhs.

SHRI SAMAR GUHA : It is more than 70 lakhs now. But on the 18th June, the figure stood at 60,24,000. (*Interruption*). My time is being killed. There is a tendency which they have developed, namely, to keep us in the dark about the expenditure on account of the refugees. It is an underestimate. On the basis of 63 lakhs, they said that Rs. 3,000 crores will be required for the relief arrangements—food and shelter, etc.,—for the refugees for six months. Their estimate is that within one month—

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : Rs. 300 crores ; not Rs. 3,000 crores.

SHRI SAMAR GUHA : Look at this figure.

SHRI R. K. KHADILKAR : Rs. 300 crores.

SHRI SAMAR GUHA : You should correct your figure. I was surprised to find your printed figure here. You should correct it yourself. I was surprised to see it was Rs. 3,000 crores. You should have corrected it before you distributed it. Even on the basis of 80 lakhs of people, it would come nearly to Rs. 400 crores. Up till now, they have got Rs. 30 crores from international sources. What does that mean ? Not even 10 per cent has been received from international sources. How much more will come and from what sources, the Government should let the country know and the matter should be highlighted in the international world, to emphasise the gravity of this problem which will hit the very bottom of the national economy of India. That is of very great importance. That is the reason why I am so much particular about this : that this figure should be highlighted in a particular perspective.

Even today, the Government has given a figure showing how many tarpaulins and tents are required. Even today, the *Statesman* in a three-column headline, has said

that two million refugees are without tents and tarpaulins, and are in the open air. These people have come from the eastern zone. You, Sir, are also from the eastern States. What a terrible monsoon is there now ? These refugees who are in the open air are suffering under the terrible monsoon. What is their condition ?

What about women and children ? I want that first priority should be given to supplying them tents and tarpaulins. In the case of cholera, vaccines were sent by air by the international sources. Now we should ask the international sources to send tents and tarpaulins immediately by air. Mr. Stephen was saying that after visiting the border area and seeing the refugee camps, he was also feeling as passionately about it as I feel.

You are not giving them fuel or oil. I saw it from personal experience. I quite agree it is not possible to introduce community kitchens every where because of religion, caste and other factors. You are giving them rice. How will they cook it ? Will they chew the dry rice like animals ? You have not given them fuel, salt or oil. Some cash doles also have to be given, because they have no clothing, no bedding and no utensils. 15 days ago, during the Half-an-hour discussion, I raised all these points. What has this Government done about it ? If you give them some rice, potatoes and oinions, how can they cook it ? Can they chew it like animal ? It is a simple thing. Therefore, I request that they should be immediately supplied with tents, tarpaulins, fuel, oil and also some utensils, some clothing and some bedding, so that they can save themselves and live like just *homo sapiens* of the lower oder.

About Mr. Sadruddin, the UN High Commissioner for Refugees, I warm this Government. He has got economic and industrial interests in West and East Pakistan. He cannot objectively deal with Bangladesh refugee problem. You must be careful. He is going back to UN and already he is siding wilh Pakistan. He is trying to create the impression that slowly normalcy is being brought back to Bangladesh. He is a dangerous man, because his own personal interests are involved. Such a man cannot be entrusted with the task of dealing with such a human problem as Bangladesh refugees.

If you really want to deal with the Bangladesh refugees problem as a national problem, let the whole county be associated with it. It is your duty to form a Council for Relief of Refugees composed of Members of Parliament of all parties. Even UK is sending a composite delegation of Labour and Conservative MPs. West Germany and Canada are also sending composite delegations to visit the refugees areas. But unfortunately, you have taken a partisan stand. You have sent only members of the Congress Party there. Almost all the members have raised this issue. A delegation of MPs from all States from all parties with a national perspective should be sent to the border. You have not done it. This is the minimum you should do. You should not shirk this.

DR. KAILAS (Bombay South) : Sir, while supporting the Demands of the Ministry of Labour and Rehabilitation, I wish to point out that not a word or sentence has been mentioned about the working conditions of Medical men in tea gardens, coal mines and panel and service system of medical men under Employees State Insurance Scheme. This Ministry is treating lakhs and lakhs of workers throughout the country and for that there are two systems in vogue for medical relief—the service system and the panel system to serve the labour class whose number is the largest in Bombay. But if you look at the capitation fees paid to these medical men, who are looking after the patients much better than under the service system, the capitation fee was only Rs. 17.50 per family. The association of medical practitioners of the panel practioners has been demanding from the Ministry of Labour as well as representing to the Ministry of Health for considering the increase in capitation fee due to rise in the pay-scales of compounders and clerical staff as also the increase in the price of medicines, hence the capitation fees should also be increased. I am sorry to say that the Ministry has turned a deaf ear to this request. I know that after a lot of struggle the panel doctors got an increase of Rs. 2.50 paise making their capitation fee Rs. 20 per annum, but that is far from sufficient.

Coming to the workers fate, may I say the importance given to medical relief to workers is not what it should have been ? Not a word about this has been mentioned

[Dr. Kailash]

in the report. The ESI scheme is being controlled and managed by the Corporation. It has amassed huge amounts by collecting contribution from the workers as well as from the employers. It is not spending even five to ten per cent of the collections. In Bombay a large number of TB patients are waiting for months and perhaps years to get admissions to hospitals. A large number of patients have to wait in the queue for smaller operations like tonsillectory and appendicectomy and then we are talking of man-days lost and things of that kind. How can a sick worker attend to his work regularly.

Unless we care for the health of the workers, I do not think that the Labour Ministry is correct in saying that it is doing something for the benefit of the workers. May I suggest that a chain of hospitals should be constructed, especially in those areas where a large number of workers are working, areas like Bombay, Ahmedabad, Poona and Baroda.

SHRI S. M. BANERJEE : Kanpur.

DR. KAILASH : Yes, Kanpur should have first priority.

Then, we should study the condition of the medical men working together with personnel, like compounders and nurses, especially in the tea gardens and the mines, where they have been absolutely neglected for years. Their basic pay is very poor and the other benefits which they could get is practically nil. Yet, they are doing their best to serve the community.

May, I, Sir, request the Labour Minister who knows the whole issue—because repeatedly we have come to him in the form of representatives or with representations—that he must come forward and reply today as to when he is going to construct hospitals and utilise the amount which has been amassed by the Corporation and look to the conditions prevailing in the Tea estates and coal mines and condition of Panel and service medical men. Because the Labour Ministry of the Corporation cannot construct hospitals a large number of beds have been reserved in some voluntary hospitals or in Government and Municipal hospitals. The payment made by this Corporation is so meagre—expenses per bed come to Rs. 23 while the Corporation pays only Rs. 12 per bed per day. Why ? When the Government hospital like J. J. hospital and K.E.M. hospital owned by the Municipal Corporation of Bombay is spending Rs. 23/- on what basis the calculation is there that they pay only Rs. 12 per day for treating E.S.Is. patients in voluntary organisation hospitals and to the Government and municipal hospitals. It should be increased to Rs. 23/- at an early date.

Further, Government must increase the number of beds reserved throughout the country for T.B. patients. Domiciliary treatment should be given to the T.B. patients, that is, the patients who can be treated at home and should be treated at home and hence there is no necessity of admitting them in the hospital, is in present concept. I know, as a medical man that the infection of a T. B. patient to the family and children of poor workers in his small room accommodation is so grave that the patient must be segregated in a hospieal. Hence the number of beds which have b.en reserved throughout the country for TB. —worker— patients must be increased. The number of beds for T.B. patients must be increased in the voluntary hospitals immediately till some hospitals under E.S.Is. are constructed for those patients who are suffering from T.B. to avoid this health hazard and where they could be given proper treatment. Orders in this respect must be passed immediately.

I am sure the suggestions which I have made will be considered sympathetically by the Minister.

श्री हुकम चन्द कछवाय (मुरेना) : सभापति जी मैं श्रम मन्त्रालय की मांगों का समर्थन करने जा रहा हूं । आज हम यह देखते हैं कि जितने भी कानून हमने मजदूरों के कल्याण के लिये बनाये हैं, मजदूरों के उत्थान के लिये बनाये, उनका ठीक प्रकार से पालन नहीं हो रहा है......

डा० कैलाश : सभापति जी, कितना अच्छा भाषण हो रहा है, लेकिन सुनने वाले नहीं हैं, सदन में कोरम नहीं है ।

सभापति महोदय : घन्टी बज रही है... अब कोरम हो गया है, माननीय सदस्य अपना भाषण जारी रखें।

श्री हुकम चन्द कछवाय : सभापति जी, सरकार ने मजदूरों के कल्याण के लिए जितने भी कानून बनाये हैं उनको मालिकों और उद्योगपतियों की ओर से या अमल में न लाने की कोशिश की जाती है। जिसमें उनका हित न हो। आज कारखानों पर फैक्टरी ऐक्ट लागू हैं लेकिन जिस कारखाने में बीस पचास या सौ आदमी काम करते हैं वहां पर उद्योगपति या कारखानेदार अपने रजिस्टर पर केवल पांच व्यक्ति ही दिखाता है और बाकी मजदूरों को शो नहीं करता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार कोई ऐसी व्यवस्था करे जिससे कि किसी कारखाने में जितने मजदूर काम करते हों उन सभी को रजिस्टर पर शो किया जा सके।

सभापति जी, आज बहुत सारे कानून मजदूरों के हितों के लिए बने हुए हैं लेकिन कुछ ऐसी मजदूर यूनियनें हैं, जैसे कि इन्टक है वे मालिकों से साँठ-गांठ करके अपना निजी स्वार्थ हल करने में लगे रहते हैं जिसके फलस्वरूप मजदूरों का लाभ नहीं होने देती हैं। इसके साथ-साथ आज जिन उद्योगों की स्थिति खराब होती है तो वहां पर कहा जाता है कि सरकार पैसा देगी और मालिक उस उद्योग को चलायेगा। मैं सरकार के सामने कुछ सुझाव रखना चाहता हूं। जिस उद्योग पर मजदूरों ने अपनी सारी जवानी न्योछावर कर दी, वहां से जब वे रिटायर होते हैं तो उनको कुछ भी नहीं मिलता। दूसरी तरफ जो कारखानेदार हैं वे दो चार कारखाने लगाते हैं और धीरे-धीरे अपनी पूंजी उसमें से अन्य उद्योग निर्माण करने में लगाते हैं। तो ऐसे कारखाने में जब ऐसी स्थिति हो कि वह घाटे में रहा है, उसको वह चला नहीं सकते तो उस उद्योग में जो काम करने वाले मजदूर हैं उनके सुपुर्द उस कारखाने का इन्तजाम किया जाये। उसमें जितना पैसा लगे वह सरकार दे और उसकी सारी व्यवस्था और सारा इन्तजाम उसके वर्कर्स के द्वारा ही होना चाहिए और वर्कर को उस कारखाने का स्वामी बनाया जाये।

सभापति महोदय, बहुत से उद्योगों में मजदूर विवाद होते हैं और उन पर नाना प्रकार के जुल्म किये जाते हैं, अपराध लगाए जाते हैं और बरसों तक मजदूर न्यायालयों में जाकर अपने पैर रगड़ता है लेकिन फिर भी उसको सस्ता न्याय नहीं मिलता है। उसको अपनी पैरवी के लिए वकील नहीं मिलता है और वे कानून कुछ जानते नहीं हैं। यदि किसी जगह पर कोई मजदूर हिन्दी जानता है तो उसको हिन्दी में कानून की किताब भी नहीं मिलती है जिसकी वजह से वह मात खाता है। मैं सुझाव देना चाहता हूं कि जो मजदूर केस लड़ते हैं उनको फ्री वकील मिलने चाहिए और जब तक उसका केस चलता रहता है तब तक उसको आधी तनख्वाह मिलती रहनी चाहिए। साथ ही साथ उसको न्याय सस्ता और जल्दी मिलना चाहिए। आज की अवस्था में बरसों तक, दो तीन साल तक मुकदमे चलते रहते हैं। और उससे भी अधिक मैं चाहूंगा कि सरकार कोई सीमा निर्धारित करे कि एक महीने में या दो तीन पेशियां होने के बाद उसके केस का फैसला कर दिया जायेगा।

सभापति महोदय, आज सरकार बजट के माध्यम से काफी टैक्स बढ़ाती चली जाती है जिससे मजदूरों को बड़ी मंहगाई का सामना करना पड़ता है। वे मंहगाई के कारण अपनी जरूरत की चीजें खरीद नहीं पाते हैं इसलिए उनका महगाई भत्ता भी बढ़ाया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में मैं आपके सामने कुछ विशेष बातें रखना चाहता हूं। एक परिवार का औसत निकाल कर हिसाब लगाया जाना चाहिए और यह देखना चाहिए कि एक परिवार में शादी भी होती है...

श्री पी० एम० सईद (लक्कदीव, मिनिकाय तथा अमीन दीवी द्विपसमूह) : सभापति जी, हाउस में कोरम नहीं है।

सभापति महोदय : घन्टी बजाई जा रही है... कोरम हो गया है। माननीय सदस्य अपना भाषण जारी रखें।

श्री हुकम चन्द कछवाय : एक परिवार में जो खर्च होते हैं और जो कि आवश्यक होते हैं, जैसे दो साल में एक छाता लेना पड़ता है, साल में जूता पहनना पड़ता है, सब्जी दूध और अनाज लेना पड़ता है, तो रोज का हिसाब लगा कर कितनी मंहगाई बढ़ी है इसके आधार पर मंहगाई भत्ता तय किया जाना चाहिये और वह मजदूर को दिया जाना चाहिये।

एक कानून आप ने बनाया कि जिस उद्योग के अन्दर मुनाफा न हो वहां भी साढ़े चार परसेंट उसे बोनस दिया जायगा। परन्तु इस पर कहीं अमल नहीं होता। मजदूरों को आन्दोलन करना पड़ता है, हड़ताल करनी पड़ती है। जब कानून बना हुआ है तो फिर मजदूर को क्यों नहीं दिया जाता? इसके लिये ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि साल समाप्त होते ही महीना, डेढ़ महीने के अंदर बोनस मिल जाय।

सरकार ने कुछ कपड़े की मिलें अपने हाथ ले रखी हैं, वहां तो बोनस मिलता ही नहीं है। जब आप दूसरों पर जोर देते हैं। तो यह भी देखना चाहिए कि जो कारखाने आपके हाथ में हैं उनमें भी बोनस जल्दी मिलना चाहिये उनमें भी नाना प्रकार की अनियमिततायें आज भी होती हैं। पिछली बार एक कमेटी सदन की बनी थी यह जांच करने के लिये कि देश के अन्दर बहुत बड़ी संख्या में लोग ठेकेदारी पर काम करते हैं और मजदूरों को 12 आना, डेढ़ रु० रोज मिलता है। इतने में वह कैसे अपने परिवार का गुजारा करेगा। उस समिति ने एक रिपोर्ट दी और सरकार ने एक बिल भी बनाया। उस बिल को सदन के सामने लाया जाय और सारे देश के अन्दर ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया जाय।

इसी के साथ-साथ कैजुअल लेबर के बारे में मुझे निवेदन करना है। इनकी बहुत बड़ी तादाद हमारे देश के अन्दर है, चाहे पी० डब्लू० डी० हो या रेलवे हो, लाखों की तादाद में कैजुअल लेबर देश के अन्दर फैले हुए हैं। इस प्रथा को समाप्त किया जाना चाहिये। जो बीस-बीस साल से काम कर रहे हैं वह भी कैजुअल लेबर हैं और उनको अपनी नौकरी का कोई भरोसा नहीं है। इस प्रथा को समाप्त किया जाय और उनको पक्का किया जाय।

मजदूरों के अन्दर राष्ट्रीय विचारों की काफी कमी है। उनके अन्दर ऐसा भाव भरना चाहिये कि देश मेरा है और यह उद्योग मेरा है और उद्योग का उत्पादन मेरे देश के हित में होगा इसलिए मुझ को अधिक काम करना है। लेकिन काम अधिक करने के साथ पैसा भी उस को अधिक मिलना चाहिये। ऐसे केन्द्र खोलिये जहां मजदूरों को इस प्रकार की शिक्षा दी जाय जिससे देश के अन्दर आज जो हड़ताल, मारपीट, तोड़-फोड़ होती है और ऐसी शक्तियां इस क्षेत्र के अन्दर बढ़ रही हैं उन्हें समाप्त किया जाय।

बीड़ी मजदूर और अगर बत्ती मजदूरों के लिए सरकार ने आज तक कोई कानून नहीं बनाया। मध्य प्रदेश के अन्दर तीन लाख बीड़ी बनाने वाले हैं जिनके लिये कोई कानून नहीं है। मैसूर, मध्य प्रदेश तथा अन्य प्रान्तों में अगर बत्ती मजदूर बहुत बड़ी तादाद में हैं लेकिन उनके लिए कोई कानून नहीं है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि उनके हितों के लिये कोई कानून बनायें जिस से उन्हें ठीक प्रकार से रोटी के लिये पैसा मिल सके।

श्री बी० आर० शुक्ल (बहराइच) : सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं समाज के उस पीड़ित, उपेक्षित और शोषित वर्ग की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं जिसको हमारे देश में

लाइसेंस्ड पोर्टर और वेन्डर कहते है । समाजवाद का नारा भी दिया गया, समाजवाद का सिद्धान्त भी मान लिया गया और संविधान में भी उसकी व्यवस्था की गई कि हमारे देश का अन्तिम लक्ष्य समाजवादी व्यवस्था की स्थापना है । किन्तु खेद का विषय है कि साढ़े पांच लाख कुली, जिनमें कि वेन्डर भी शामिल हैं, उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया ।

हम सब स्टेशनों पर जाते हैं, उनकी दशा को देखते हैं । लेकिन फिर भी अधिक समय या अधिक ध्यान उस वर्ग के ऊपर दिया गया है जो कि ट्रेड यूनियन में संगठित है । यह वर्ग संगठित नहीं है, इसलिए उपेक्षित रहा है और खास-खास चीजें जो कि उनके लिए करनी चाहिए, उसकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

आप जानते हैं कि कुलियों की आवश्यकता बहुत बड़ी है । अगर किसी समय आपको कुली स्टेशन पर न मिलें तो आप चाहे जितने बड़े सफेद पोश हों, चाहे जितने सम्मानित हों, चाहे जितना रुपया आप पाते हों, उस समय आपकी दुर्दशा हो जाएगी । आप इन्तजार करते रहेंगे और देखते रहेंगे कि टैक्सी तक या रिक्शा तक आपका सामान कैसे पहुँचे । चौबीस घंटे ये कुली वर्ग काम करता है ।

श्री एस० एम० बनर्जी : एक चीज मैं निवेदन करूं कि यह कुली जो शब्द है, यह बदल चुका है, इसको 'मजदूर' किया जा चुका है ।

श्री बी० आर० शुक्ल : धन्यवाद । लेकिन जो रेलवे मजदूर हैं उनकी वास्तविकता को कैसे प्रकट किया जाय । आप उनको रेलवे मजदूर कहेंगे तो किसमें उनका वर्गीकरण होगा ? बहरहाल आपने जो शब्द दिया वह शब्द सम्मानित है और उसका प्रयोग करके ही मैं अपने विचार व्यक्त करने का प्रयत्न करूंगा ।

यह जो रेलवे मजदूर हैं जो चौबीसों घंटे काम करते हैं, चौबीसों घन्टे उनकी सेवा की आवश्यकता होती है । लेकिन अगर वह आराम करना चाहे तो उनके लिए आवास की व्यवस्था नहीं है । एक ओर आपने एक मन्त्रालय स्थापित किया है जिसके चार्ज में हाउसिंग और अरबन हाउसिंग का काम है । एक ओर तो आप अर्बन हाउसिंग की व्यवस्था कर रहे हैं, दूसरी ओर लाखों मजदूरों के लिए जो इस तरह से आपका सामान चौबीसों घन्टे ढोते हैं, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है । दीपक के नीचे आप अंधेरा कायम किये हुए हैं । इसलिए मेरा सुझाव है कि इस वर्ग के लिए आवास का रेलवे या सरकार की ओर से प्रबन्ध होना चाहिए जहां पर कि ये लोग आराम कर सकें । दूसरी ओर देखिये कि बहुत से आदमी हैं जिनके लिए आप लोगों ने रखा कि सेंट्रल हेल्थ स्कीम चलाई जाए, सोशल सेक्यूरिटी का बिनिफिट मिले । इनके लिए आप क्या कर रहे हैं ? इनके लिए कौन सी व्यवस्था आप कर रहे हैं ? अगर ये बीमार हो जाएं तो इनका कोई सहारा नहीं । जिस समय यह रेलवे मजदूर बोझा लेकर चल रहा है, अगर प्लेटफार्म पर केले के छिलके या आम के छिलके पर उसके पैर फिसल जायें और उसकी हड्डी टूट जाये तो वह सदैव के लिए बेकार हो गया । उसके लिए कोई फेटल एक्सीडेंट एक्ट या वर्कमैन्स कंपेंसेशन एक्ट कोई लागू नहीं होता । अगर एक मिल में मजदूर काम करने जाता है और सीढ़ी पर चढ़ते हुए या किसी मशीन के पुर्जे को हाथ से छूते हुए कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसको मुआवजा दिया जाता है । लेकिन कुली जो सारे का सारा जीवन आपकी सेवा में बिताता है उसके लिए एक्सीडेंट का कोई प्रावधान किसी कानून में नहीं है ।

16. 46 hrs.

[shri R. D. Bhandare *in the Chair*]

तीसरी चीज आप देखें कि इसका इतना सामूहिक जीवन है, इतनी-इतनी भारी संख्या में

[श्री बी० आर० शुक्ल]

यह मजदूर वर्ग काम कर रहा है, उसके लिए कोआपरेटिव कैंटीन की कोई व्यवस्था नहीं है। आज कोआपरेटिव की चर्चा सब जगह की जाती है। इनके खाने पीने की कोआपरेटिव समितियां बनावें। यहां पर कोआपरेटिव कैंटीन इन मजदूरों के लिए नहीं है।

चौथी चीज आप देखिए कि इनके बच्चे हैं। यह वर्ग रेलवे स्टेशनों पर काम करता है उसके बच्चे गांव में रहते हैं। कैसे उनकी पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था हो। उनके लिए आपने क्या रखा है ? यहां पर बड़ी-बड़ी डींगें आप मार रहे हैं कि प्राइमरी शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए, निःशुल्क होनी चाहिए और रेलवे की तरफ से बड़े-बड़े जो कर्मचारी हैं, उनके बच्चों के लिए विशेष स्कूल खोले जाते हैं, लेकिन यह वर्ग जो इतना दलित है, पीड़ित है, शोषित है, उसके बच्चों के लिए कोई शिक्षा का इंतजाम नहीं है।

फिर आप देखें कि इनके लिये शौचालय, इनके लिये स्नानागार के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सैंकड़ों की तादाद में ये रहते हैं। अगर लेट्रींस बनी हुई हैं तो मुसाफिरों के लिए बनी हुई हैं, रेलवे पुलिस के लिये बनी हुई हैं, कुछ फर्स्ट क्लास के पेसेन्जर्स के लिए बनी हुई हैं, बड़े बड़े जो कर्मचारी हैं उनके लिए बनी हुई हैं। लेकिन इतने मजदूर जो दिन रात वहां काम करते हैं, उनके लिये आपने क्या व्यवस्था कर रखी है, इनके लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

दूसरी ओर आप देखें कि जो प्राविडेंट फंड स्कीम रक्खी गई है उस की फैक्ट्रीज के मजदूरों और अन्डरटेकिंग्ज के मजदूरों के लिए व्यवस्था की गई है। एक रेलवे मजदूर जो दिन रात काम करता है, उसके न कोई पेंशन की व्यवस्था है न प्राविडेंट फंड की व्यवस्था है। हम नारा लगाते हैं कि सोशल सिक्योरिटी देते हैं। पहले सोशल सिक्योरिटी उस वर्ग की होनी चाहिए जिसकी आर्थिक व्यवस्था का कोई इन्तजाम नहीं है, जिसके लिये कोई ठिकाना नहीं है। उनके लिए प्राविडेंट फंड की व्यवस्था होनी चाहिये और उस की देख रेख के लिए सुपरविजन के लिए जो लेबर वेलफेअर इन्स्पेक्टर्स हैं उनको रखना चाहिए।

जो हमारे मजदूर हैं जो उनकी खास खास यूनियनें हैं, जो संघ हैं उनको कानूनी मान्यता देनी चाहिए, जिससे उनके हितों की रक्षा हो सके, वर्ना वह दूसरों के रहम व करम पर रहते हैं और दूसरों के घरों में काम करते है तथा सब से ज्यादा परेशान हैं।

श्री राम सहाय पांडे (राजनंदगांव) : सभापति महोदय, मैं मजदूर मन्त्री श्री खाडिलकर के प्रयत्नों की प्रशंसा करता हूं। मैं जानता हूं कि वह अपने दायित्व के निर्वाह में बड़े जागरूक हैं और उनके नेतृत्व में मजदूर भी आशा करते हैं कि उन का भला होगा।

इस संदर्भ में मैं आप के माध्यम से मंत्री जी का ध्यान उन सिक टेक्स्टाइल मिलों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जिनकी हालत बहुत खराब है, बड़ी शोचनीय है। सारे देश में करीब 60 टेक्सटाइल मिलें हैं और उन सब मिलों की सम्पत्ति को, उनके मुनाफे को इस कदर लूटा गया कि आज उनकी स्थिति बहुत भयंकर है, बहुत शोचनीय है। सरकार ने अपने हाथों में बहुत सी मिलों को लिया है।

जब कमाने का समय था तब भाई लोगों ने कमा लिया। आज वही स्केलेटन के तौर पर हैं। जैसे शरीर में रक्त न रहे और केवल हड्डियां रह गई हों, इस प्रकार की मिलों की स्थिति रह गई हैं। मैं प्रदेश सरकार और केन्द्रीय सरकार के इस प्रयास की प्रशंसा करता हूं कि उन्होंने मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए इन्हें अपने नियन्त्रण में लिया है। लेकिन मजदूर जो श्रम करता है उसके हिस्से कुछ नहीं आता है। हम पार्टिसिपेशन आफ लेबर की

बात करते हैं विट्टले कमेटी की बात करते हैं, अन्तर्राष्ट्रीय नियोजन के सम्बन्ध में, प्रयोजन के सम्बन्ध में बात करते हैं और कहते हैं कि लेबर को अधिक से अधिक उद्योगों के प्रबन्ध में साझीदार होने का मौका दिया जाये। लेकिन आज हालत क्या है? जो मिलें विशेषकर खराब हैं, जो चल नहीं पा रही हैं, और जिन्हें सरकार ने अपने नियन्त्रण में ले लिया है उन में काम करने वाली लेबर की हालत यह है कि उसके लिए रोटी चलाना मुश्किल हो रहा है। उसको ग्रेचुइटी नहीं मिल रही है, उसको मंहगाई भत्ता नहीं मिल रहा है। उसको उचित वेतन नहीं मिल रहा है। आज के समय में जबकि चीजों के दाम दिनों-दिन बढ़ रहे हैं, उसकी हालत क्या होती होगी, इसकी सहज में ही कल्पना की जा सकती है।

राजनंद गांव जो मेरा क्षेत्र है वहां एक मिल है और मैं उस मिल के मजदूर संघ का अध्यक्ष हूं। मैं वहां गया था। राजनन्द गांव में जो महंगाई का इंडैक्स माना जाता है वह वही है जो नागपुर का माना जाता है। नागपुर का इंडैक्स 136 है। इस हिसाब से मंहगाई भत्ता उनको 136 रुपये मिलना चाहिए लेकिन मिल रहा है 90 रुपये। 40 रुपये मूल वेतन और 90 रुपये महंगाई भत्ता यानी 130 रुपये। अब 130 रुपये में आजकल के महंगाई के जमाने में उनका जीवन यापन कैसे हो सकता है? बाल बच्चों की पढ़ाई नहीं हो सकती है, उनको वे खिला पिला नहीं सकते हैं, कपड़े नहीं दे सकते हैं और रहने का प्रबन्ध तो हो ही नहीं सकता है। तीन चार हजार मजदूर वहां काम करते हैं। उनकी स्थिति को देखकर हमने जो कंट्रोलर आपने नियुक्त किया है, एक श्री गुप्ता, उनको बुलाया। मैंने हाथ जोड़ कर उन से कहा कि महंगाई को देखते हुए, वर्तमान कठिन परिस्थिति को देखते हुए आप थोड़ा सा, पत्रं पुष्पं के रूप में, कुछ बढ़ा दीजिये, ताकि हम मजदूरों के आंसू पोंछ सकें। पहले तो वह बड़ी बड़ी बातें करते रहे, लेकिन अन्त में चलते समय उन्होंने कहा कि हम कुछ नहीं कर सकते।

सरकार ने कुछ मिलें ले रखी हैं, जिन के कंट्रोलर नियुक्त किए हुए है, जैसे राजनन्द गांव की मिल में श्री गुप्ता को कंट्रोलर बनाया हुआ है। पिछले वर्ष उन्होंने मुनाफा दिखाया। इस अवस्था में अगर वह पांच दस रुपये बढ़ाने की बात को मान लेते, तो मजदूर बड़े उल्लास और उत्साह के साथ काम करते और इस तरह मिल का उत्पादन बढ़ता। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनका अपना कुछ नहीं है। उन्होंने पांच सात लाख रुपये की पूंजी लगाई थी। न जाने कितना रुपया उन्होने पैदा किया है। लेकिन जब मजदूरों की पांच दस रुपये की बात आई, तो उन्होंने इन्कार कर दिया।

मैंने अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न भी उठाया। मैंने कहा कि मज्दूरों ने मुझपर विश्वास करके मुझे अपना नया अध्यक्ष बनाया है, इसलिए कम से कम मेरे ही नाम पर, बढ़ती हुई महंगाई के नाम पर कुछ कर दीजिये। लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। मैं एक चुना हुआ प्रतिनिधि हूं। मैं कौन सा मुंह लेकर मजदूरों के सामने जाऊं। उनके बच्चे भूखों मर रहे हैं। उनके तन पर कपड़ा नहीं है। उनकी स्थिति बहुत बुरी है। इसलिये मन्त्री महोदय को इस बारे में कोई न कोई प्रावधान, इस समस्या का कोई न कोई समाधान करना होगा।

सरकार जो कंट्रोलर नियुक्त करती है, उस पर उसका कोई कंट्रोल, नियन्त्रण नहीं है। कंट्रोल रा मैटीरियल, स्टोर और कंजम्प्शन में खा सकता है, जो माल बेचा जाता है, वह उसमें ब्लैक-मार्केटिंग कर सकता है। वह अंडर इनवायसिंग कर सकता है। वह हर तरह से अपना पेट तो भर सकता है, लेकिन वह मजदूरों का पेट भरने से मुकर जाता है। उस की कोई न कोई निगरानी होनी चाहिये। सरकार सिक मिल और मजदूरों की एम्प्लायमेंट के नाम पर

[श्री राम सहाय पाण्डे]

कंट्रोलर को नियुक्त करती है, लेकिन कंट्रोलर को कंट्रोल करने के लिए कोई एजेन्सी होनी चाहिये, ताकि ऐसी जितनी भी सिक मिलें हैं, उन पर सरकार का सक्रिय नियन्त्रण रहे। जब सरकार पैसा देती है और कंट्रोलर नियुक्त करती है, तो उस की पूरी देख-रेख करने की आवश्यकता है। यह नहीं होना चाहिए कि मजदूरों की कीमत पर वह मुनाफा कमाता जाये।

माननीय सदस्य, श्री कछवाय ने कहा है —मैं समझता हूं कि वह कभी कभी अच्छी बात भी कहते हैं कि जो मिलें न चल सकती हों, जिनके लिए सरकार ने कंट्रोलर नियुक्त कर रखे हों और वे भी उनको न चला सकते हों, उन मिलों के लिए कोई नया रास्ता अपनाना चाहिए, उनके विषय में कोई नया एक्सपेरिमेंट करना चाहिए और वह रास्ता यह है कि उन मिलों को मजदूरों को दे दिया जाये। सरकार पैसे, कच्चे माल और आधुनिक मशीनरी की व्यवस्था करके उन मिलों को मजदूरों के हाथ में दे दे। आखिर मजदूर ही तो मिलों को चलाते हैं। उनकी डिपार्टमेंटल कौंसिल बना दी जाये। वे मिल कर उन मिलों को चलायेंगे। कहीं-कहीं उन्होंने चलाया भी है। महाराष्ट्र में को-आपरेटिव सोसायटियां बड़ी सफलता के साथ बड़ी-बड़ी शूगर मिल्ज चला रही हैं। सरकार को इस दिशा में एक नया एक्सपेरिमेंट करना चाहिये। सरकार मजदूरों को पैसा दे, मिलों का प्रबन्ध उनके हाथों में दे और उन को नया इनिशिएटिव, ज्ञान और दायित्व दे, ताकि वे सयुक्त संगठन के साथ पांच दस मिलें चला कर यह सिद्ध कर सकें कि कंट्रोलर नियुक्त करने की जरूरत नहीं है, अगर उनको साधन दिये जायें तो वे मिलों को चला सकते हैं।

मैं इन सिक मिलों के एक टेकनिकल एस्पेक्ट की तरफ मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं। चार्टर्ड एकाउटेंट जो ट्रायल बैलेंस बनाते हैं, वह बिल्कुल फर्जी होता है। वे बैलेंस सीट बनाते हैं, लेकिन उस बैलेंस सीट से बाहर भी बहुत कुछ घोटाला होता है। उस को भी देखना चाहिये।

ग्रेचुइटी का बहुत सा रुपया बाकी है। मन्त्री महोदय ने उस दिन प्राविडेंट फंड के बारे में बिल पास किया। मेरा निवेदन यह है कि प्राविडेंट फंड का जो पैसा काटा जाये, वह तीन रोज में जमा कर दिया जाये। इस वक्त मिलों की तरफ प्राविडेंट फंड का लाखों रुपया बकाया है। राजनन्दगांव की मिल की तरफ छः लाख रुपया बाकी है। कंट्रोलर को नियुक्त करने के साथ यह भी प्रावधान किया गया है कि मजदूर अपने हुकूक या जायज मुतालिबात के लिये भी कंट्रोलर के खिलाफ कोई मुकदमा दायर नहीं कर सकेंगे। न वह मुकदमा दायर कर सकते हैं, न कुछ मांग सकते हैं, न मांगने पर उनको कुछ मिल सकता है, न वह रो सकते हैं, न आंसू बहा सकते हैं: सिर्फ इतना कहा जाता है कि मेहनत करो, मेहनत करो। तो मेहनत करने की भी एक सीमा होती है। उसकी सुरक्षा के लिए, उस के जीवन यापन के लिए कम से कम आपको ऐसा प्रावधान करना चाहिए क्यों कि सिक मिल्ज होते हुए भी जब आप तमाम पैसा लगाते हैं और साधन देते हैं तो उसके ऊपर भी आप का नियन्त्रण होना चाहिए और उनको यह सुरक्षा मिलनी चाहिए।

17.00 hrs.

